**Need to address the problems arising out of coal mining activities in Tandwa area of Chatra Parliamentary Constituency, Jharkhand-laid**

**श्री काली चरण सिंह (चतरा) :** अपने संसदीय क्षेत्र चतरा के टंडवा क्षेत्र में आम्रपाली, मगध, पिपरवार, खेलारी, कोल माइन्स से जुड़े भयावह हालात पर सरकार का ध्यान आकर्षित करना अनिवार्य है । कोयले की अंधाधुंध ढुलाई से अब तक 1000 से अधिक लोग हाईवा ट्रकों के नीचे आकर अपनी जान गंवा चुके हैं । पीड़ित परिवारों को मुआवजे का नामोनिशान नहीं, और सीसीएल प्रबंधन अपनी जिम्मेदारी ट्रांसपोर्टर कंपनियों पर डालकर मूकदर्शक बना हुआ है ।

कोयला ढुलाई से उड़ते धूल-गर्दे ने पूरे क्षेत्र को दमा, अस्थमा और टीवी जैसे रोगों का केंद्र बना दिया है । खदानों की गहराई ने जलस्तर को इतना गिरा दिया है कि लोग बूंद-बूंद पानी के लिए तरस रहे हैं । स्थानीय लोगों को रोजगार नहीं मिल रहा, वाहन मालिक कर्ज में डूब रहे है और कई आत्महत्या तक करने को मजबूर हो गए हैं । यह स्थिति अक्षम्य है । मैं सरकार से इन समस्याओं पर तुरंत हस्तक्षेप की मांग करता हूं ।